प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 31.12.2024 समय : 01:00 पी.एम.

........................

नये साल का जश्न मनाने के लिए प्रदेशभर के पर्यटन स्थलों पर बडी संख्या में देशी विदेशी सैलानी पंहुचे है। राजधानी जयपुर सहित उदयपुर, जोधपुर, भरतपुर, जैसलमेर, माउंटआबू और रणथम्भौर पर्यटकों से अटे पडे है। तेज सर्दी के बावजूद पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों में भी नए साल का उत्सव मनाने का जोश बरकरार है। सैलानियों की रिकॉर्ड आवक को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष व्यवस्थाएं की है। इधर राजधानी जयपुर में नव वर्ष के स्वागत के लिए आज शाम से शहर के मॉल्स, क्लब्स और रिसॉर्ट्स में विशेष आयोजन किये जायेंगे। शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों आमेर, नाहरगढ़, हवामहल, जंतर–मंतर, अल्बर्ट हॉल और जल महल पर भारी भीड़ देखने को मिल रही है। सुरक्षा के लिए जयपुर पुलिस ने माकुल इंतजाम किए हैं। शहरभर में बडी संख्या में पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। साथ ही विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी भी की जायेगी। अलवर में सैलानियों की रिकॉर्ड आवक हुई है। जिले के भानगढ़ किला, सिलीसेढ़ झील, सरिस्का टाइगर रिजर्व, मूसी महारानी की छतरी, बालाकिला, म्यूजियम में पर्यटकों की खासी भीड देखी जा रही है। श्रीगंगानगर में धार्मिक स्थलों पर जागरण सहित भजन कीर्तन के कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस बीच राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज सवाईमाधोपुर दौरे पर है। राज्यपाल के सवाईमाधोपुर पहुंचने पर पुलिस और प्रशासन के आलाअधिकारियों ने उनकी अगुवाई की। राज्यपाल का यहां रणथम्भोर उद्यान में भ्रमण करने का कार्यक्रम है। राज्यपाल के दौरे को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए है।

........................

भरतपुर में डाक विभाग की ओर से कल से सुकन्या समृद्धि योजना और पब्लिक प्रोविडेंट फंड खाता खोलने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। भरतपुर मंडल के अधीक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया कि अभियान से बचत योजनाओं का बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा, साथ ही सुकन्या योजना से बेटियों के भविष्य को उज्जवल बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए पहल की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चलाये जाने वाले अभियान में दो प्रधान डाकघर, 32 उप डाकघर और 269 शाखा डाकघर को निर्धारित लक्ष्य दिया गया है।

........................

राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये पुराने साइनबोर्ड को हटाकर नये साइनबोर्ड लगाए जाएं। जयपुर के जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कल कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला यातायात प्रबंध समिति की बैठक के दौरान यह बात कही। उन्होंने बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को राजमार्गों पर जारी फ्लाइओवर का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जिले में एक्सीडेंट फ्री सड़क को चिन्हित और विकसित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को जयपुर जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र के राष्ट्रीय और राज्य मार्गों पर नोटिफिकेशन के अनुसार स्पीड लिमिट के नए साईनबोर्ड लगाने, राजमार्गों के प्रोटोकॉल के अनुसार चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स का निवारण करने को भी कहा।

........................

जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में आठ से 12 जनवरी तक युवा महोत्सव आयोजित किया जायेगा। महोत्सव में यूथ आइकॉन अवॉर्ड भी प्रदान किये जायेंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर कल युवा मामले और खेल विभाग के सचिव नीरज के. पवन ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। श्री पवन ने बताया कि यह चार दिवसीय महोत्सव 'विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार' थीम पर आधारित होगा। महोत्सव में विभिन्न सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय इन प्रतियोगिताओं में पहला स्थान हासिल करने वाले विजेता को 50 हजार, दूसरे स्थान पर रहने वाले को 25 हजार और तीसरे स्थान पर 10 हजार रुपये की सम्मान राशि दी जायेगी।

........................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में 2 से 6 जनवरी तक सातवां राजस्थान रंग महोत्सव राजरंगम् आयोजित किया जायेगा। केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ओर से आयोजित होने वाले इस महोत्सव में रंगमंच और साहित्य का समागम देखने को मिलेगा। इसमें 150 से अधिक कलाकार शिरकत करेंगे। महोत्सव में 5 नाटकों का मंचन भी किया जाएगा।

.........................

उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं से प्रदेश में हाड़ कंपाने वाली पड रही है। कई शहरों में आज भी घना कोहरा छाया हुआ है। राजधानी जयपुर में सुबह से ही हल्की फुहारो से सर्दी का असर तेज हो गया है। विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे कम 4 दशमलव 6 डिग्री सैल्सियस तापमान श्रीगंगानगर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने प्रदेश में आगामी 3 जनवरी तक शीतलहर के प्रभाव के बने रहने की संभावना जताई है। शीतलहर के चलते लोगों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने और ठंड से बचाव के उपाय करने की सलाह दी गई है।

.........................